224.	लोग कहते हैं कि आत्मा ही परमात्मा है। और वही लोग कहते हैं, कि ईश्वर एक है। तो जब ईश्वर एक है, तो आत्मा में कैसे आ सकता है? आत्मा तो अनेक हैं। तो आत्मा, परमात्मा कैसे हैं, क्या परमात्मा खंडित-खंडित है?	295
225.	एक समय में एक ही प्रकार का प्राणायाम करना चाहिए। जैसे बाह्य प्राणायाम या आभ्यन्तर-प्राणायाम। दो या तीन प्रकार के प्राणायाम एक साथ क्यों नहीं करना चाहिए। क्या ऐसा करने से कोई हानि है?	296
226.	मन एक जड़ पदार्थ है । तो मन, शरीर में किस जगह पर रहता है, और मन को कैसे पकड़ा जाए?	296
227.	इस जन्म में मांस और शराब बुरा समझते हुऐ हम नहीं खाते हैं या इन्हें बुरा मानकर खाना छोड़ दिया है। अगले जन्म में खाना-पीना नहीं चाहते, क्या ऐसा होगा?	297
228.	हमारे देश में मूर्ति-पूजा कब से शुरू हुई? हम यदि मूर्ति-पूजा नहीं करते है लेकिन साथ के अन्य लोग कर रहे हैं, तो उनके साथ कैसे रहें?	298
229.	व्याप्य-व्यापक संबंध का अर्थ समझने में आया। पर उसकी अनुभूति नहीं होती। इसके लिए क्या करना चाहिए?	300
230.	वास्तविक मृत्यु ईश्वर द्वारा लिखी जाती है, जो कि सौ वर्ष से कम नहीं है। क्या इससे कम जीवन देकर ईश्वर जीव को संसार में नहीं भेजता?	301
231.	परमात्मा और जीव को पदार्थ क्यों कहा है, जबकि ये दोनों चेतन स्वरूप हैं, जड़ नहीं?	302
232.	हिंसक प्राणियों सॉप, बिच्छु, चींटी, काकरोच आदि के साथ कैसा व्यवहार करें?	303
233.	'वेद' ईश्वर की वाणी है। ईश्वर ने इसके निर्माण में कैसे सहायता की?	304
234.	शास्त्रों के आधार पर प्रेम का अर्थ क्या होता है, क्या प्रेम और राग एक ही हैं या उसमें अंतर है?	306
235.	वेद में विज्ञान है। लेकिन वेद पढ़े बिना कुछ देश या लोग वैज्ञानिक उन्नति कर रहे हैं, तो वेद पढ़ने की वैज्ञानिक दृष्टि से क्या आवश्यकता है?	307
236.	मनुष्य श्रेष्ठ है, ऐसा शास्त्र कहता है पर जो हिंसा चोरी आदि बुरे काम करते हैं, उन्हें अच्छे-बुरे का पता नहीं चलता। उनके लिए क्या उपाय है?	308
237.	सृष्टि की शुरुआत में लोगों की भाषा कौन सी थी?	310
238.	ईश्वर ने मांसाहारी योनियॉ क्यों बनाई? उन्हें इतना बलवान भी क्यों बनाया? उन्हें बलवान बनाकर क्या ईश्वर ने अत्याचारी का साथ देने के बराबर काम नहीं किया?	310
239.	आज वैज्ञानिकों ने जो 'क्लोन' बनाया है, क्या वो वैदिक-सिद्धांत के अनुकूल है?	311
240.	समाधि अवस्था क्या है? हमने सुना है बहुत सारे संत 'समाधि अवस्था' में भगवान के पास गए। यह कैसे संभव है ?	312
241.	मृत शरीर को वैदिक धर्मानुसार जलाते हैं। कुछ वैज्ञानिक कहते है कि शरीर को गाड़ने से जमीन में अच्छी फसल तैयार होती है और लकड़ी जो महंगी है, वो बच जाती है। कृपया इसकी विस्तृत जानकारी दें?	312
242.	साठ वर्ष का पिता रिटायर्ड फौजी है। शराब की आदत है। सारी पेन्शन शराब में उड़ा देता है। क्या शराब छुड़ाने का कोई उपाय है?	313
243.	दस वर्ष के लड़के-लड़की ठीक से भोजन नहीं करते। इस तरह के बच्चों का मन ईश्वर में लगाने के लिये उन्हें कैसी शिक्षा दी जाये?	314
244.	जब हम शिविर इत्यादि में आते हैं। तब सब कुछ अच्छा लगता है। क्रोध कम हो जाता है। लेकिन जब हम वापस सांसारिक-जीवन में जाते हैं, तो ऐसे नहीं जी पाते, क्या करें?	315
245.	क्या किसी भी धर्म, पंथ या देवी-देवता का मजाक उड़ाकर हम अपने आपको श्रेष्ठ कहलवा सकते हैं?	316
246.	हमने सुना है, मुक्त आत्मायें आपस में बातें करती हैं। लेकिन वे स्थूल शरीर के बिना कैसे बातें कर सकती हैं?	317
247.	रात्रि को केवल ढ़ाई-तीन घंटे नींद आती है। खाना, बिस्तर ठीक है। क्या तीन घंटे की नींद काफी है?	317
248.	मेरा पड़ोसी प्रायः हर रोज बच्चों को भेजकर साइकिल, प्रेस, पंप, तेल, हल्दी, जीरा, कुकर आदि हमारे घर से मंगवाता है? अब मना करें, तो संबंध खराब होने का डर; और झूठ बोलकर मना करें, तो ईश्वर का डर; और दे दें, तो अंदर मन में दुःख; बताइये क्या करें?	318

प्र.संख्या	विषय	पृष्ठ
249.	बौद्धिक स्तर पर किसी भी जीव का या आकृति का पोस्टमार्टम कैसे किया जाता है, ताकि आकर्षण खत्म हो जाये ?	319
250.	मानव जीवन की सबसे बड़ी भूल कौन सी है ?	319
251.	कर्म का फल भोगने के बाद संस्कार नष्ट हो जाते हैं या बने रहते हैं ?	320
252.	कृपया उपासना शब्द के अर्थ को ठीक से स्पष्ट करके समझाइये ?	321
253.	पन्द्रह साल का लड़का यदि दुष्ट व्यसन में पड़ जाये तो उसे कैसे सुधारा जा सकता है ? कृपया विस्तार से बतलायें ?	322
254.	घर के बच्चे कैसे बिगड़ते हैं ?	330
255.	जीवात्मा को जीने की उत्कट इच्छा क्यों होती है ? अथवा जीवात्मा को जीने के लिये कौन सा तत्त्व प्रेरित करता है ?	335
256.	जीवात्मा शरीर छोड़ने के वक्त कहाँ जाता है ? और शरीर छोड़ने के बाद उसकी स्थिति, पुर्नजन्म कैसे होता है ?	336
257.	'कठोर' शब्द का क्या अर्थ है ? कठोर शब्द का प्रयोग कब करना चाहिए ?	337
258.	ईश्वर को ज्ञान से जानते हैं। और यह ईश्वर-ज्ञान सबके बस की बात नहीं है, तो क्या ईश्वर को जाने बिना केवल अच्छे कर्म करने से 'मोक्ष' की प्राप्ति की जा सकती है ?	338
259.	'ओ३म्' का उच्चारण किस जगह और कितने समय पर किया जाना चाहिए। इसमें दिन और रात देखे जाते हैं या नहीं ?	338
260.	'प्रणव' का अर्थ क्या है ?	339
261.	क्या मनुष्यों के अतिरिक्त कुत्ते आदि पशु-पक्षियों को भी कर्म करने की स्वतंत्रता है ? क्या इन्हें पुण्य पाप लगता है ?	340
262.	'ईश्वर' पहले से है। 'आत्मा' को किसने बनाया ?	341
263.	ईश्वर कब और क्या-क्या सहायता देता है, और क्या-क्या नहीं देता ?	341

संक्षिप्त परिचय

स्वामी विवेकानन्द परिव्राजक दर्शनाचार्य, (योग विशारद)

अध्ययन :

पूज्य स्वामी श्री सत्यपति जी परिव्राजक से योग, सांख्य, वैशेषिक, न्याय, वेदान्त और मीमांसा दर्शन, 11 उपनिषदों; (ईश, केन, कठ आदि) का अध्ययन किया। ऋग्वेद और यजुर्वेद का कुछ अध्ययन किया।

वर्तमान कार्य :

1. **अध्यापन :** दर्शन योग महाविद्यालय, आर्यवन, रोजड़, साबरकांठा, गुजरात में उपाध्याय के पद पर सन् 1988 से 2011 तक तथा अप्रैल 2011 से निदेशक पद पर कार्यरत है। वहाँ दर्शन, उपनिषद एवं वेदादि शास्त्रों का अध्यापन करते हैं और महर्षि पतंजलि जी के द्वारा बताए गए अष्टांग योग का क्रियात्मक रूप से प्रशिक्षण देते हैं।
2. **वेद प्रचार कार्य :** देश भर में प्रतिवर्ष प्रवचन एवं शिविरों के माध्यम से वैदिक योग विद्या का प्रचार प्रसार करते हैं। कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, व्यापारिक- औद्योगिक- प्रतिष्ठानों, क्लबों, छात्रालयों, न्यायालयों, वैज्ञानिकों, डॉक्टरों उच्च तथा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों आदि बुद्धिजीवियों में और गुजरात विधानसभा सचिवालय के एवं संसद भवन, दिल्ली सचिवालय के अधिकारियों आदि में विशेष रूप से मानव धर्म का प्रचार करते हैं।
3. **शास्त्रार्थ :** 8 मार्च 2005 को दिल्ली के रामलीला मैदान में शिवरात्रि के अवसर पर शास्त्रार्थ किया। विषय था- "काल अकाल मृत्यु"। 19 नवम्बर 2006 को दिल्ली में आर्य समाज अनारकली में शास्त्रार्थ हुआ। विषय था-"ईश्वर अवतार लेता है या नहीं"। दोनों शास्त्रार्थों में स्वामी विवेकानन्द जी का पक्ष प्रबल रहा।
4. **शंका-समाधान :** अक्टूबर 2006 में अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन दिल्ली में एक अलग विशेष मंच पर 3 दिनों में लगभग 8 घण्टे तक विशेष कार्यक्रम में देश-विदेश के श्रोताओं ने सैकड़ों प्रकार के आध्यात्मिक तथा दार्शनिक प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया। अक्टूबर 2012 के दिल्ली वाले अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में एक अलग मंच पर 4 दिनों में लगभग 11 घण्टे तक देश-विदेश के जिज्ञासुओं की शंकाओं का समाधान किया और जिज्ञासुओं को अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त करके बहुत सन्तोष हुआ। स्वामी जी आध्यात्मिक शंका समाधान के विशेषज्ञ हैं।

विदेश प्रचार यात्रा : नेपाल और इंग्लैण्ड।

लेखन कार्य : तत्त्वज्ञान, दु:ख कारण और निवारण आदि पुस्तिकाएँ, क्रोध को कैसे दूर करें, सत्य बोलने से लाभ, दर्शन-सार आदि पत्रक, विभिन्न पत्रिकाओं में योग और अध्यात्म सम्बन्धी लेख।

जीवन प्रसंग

1. बाल्यकाल से ही दैनिक यज्ञ, सन्ध्या, स्वाध्याय-सत्संग आर्य समाज में जाना, विद्वानों की सेवा करना इत्यादि। प्रातः यज्ञ के बिना नाश्ता नहीं। सायं सन्ध्या के बिना भोजन नहीं। ऐसा नियम घर पर था।

2. बाल्यकाल से ही वेदपाठ-प्रतियोगिता, गीत-प्रतियोगिता, भाषण-प्रतियोगिता आदि में भाग लेना और लगभग सर्वत्र प्रथम/द्वितीय आदि पुरस्कार प्राप्त करना।

3. घर में रहते हुए नागरिक स्कूली शिक्षा होते हुए भी लगभग गुरूकुलीय दिनचर्या बाल्यकाल से ही रही। जैसे प्रातः 5 बजे जागरण, रात्रि 10 बजे शयन इत्यादि।

4. लगभग 10 वर्ष की आयु से लेकर 18-19 वर्ष की आयु तक लगातार 101 बार सम्पूर्ण यजुर्वेद के मन्त्रों से यज्ञ किया। 3-4 बार चारों वेदों का सम्पूर्ण मन्त्र-पाठ किया।

संस्कारी परिवार :

स्वामी विवेकानन्द जी परिव्राजक के परिवार में 7 व्यक्तियों ने गृह त्याग किया। जिनमें से 4 संन्यासी बने और 3 वानप्रस्थी। एक ही परिवार के 7 व्यक्तियों ने पीढ़ी दर पीढ़ी वैदिक विद्वान बनकर वेद प्रचार किया, यह एक ऐतिहासिक और प्रेरक तथ्य है।

पुरस्कार एवं सम्मान :

(क) सन् 2004 में "डॉ. मुमुक्षु आर्य महर्षि दयानन्द सरस्वती स्मृति पुरस्कार" परोपकारिणी सभा अजमेर द्वारा आयोजित महर्षि दयानन्द निर्वाण दिवस के अवसर पर प्राप्त हुआ।

(ख) 20 अप्रैल 2008 को "स्वामी सत्यानन्द स्मृति पुरस्कार", बयाना नगर, राजस्थान से प्राप्त।

(ग) 15 जून 2008 को "वैदिक प्रचार प्रसार सम्मान", आर्य समाज भुज, कच्छ, गुजरात से प्राप्त।

(घ) 8 नवम्बर 2008 को ऋषि मेले के अवसर पर "आर्य विद्वान् (दर्शन) सम्मान" परोपकारिणी सभा अजमेर, राजस्थान से प्राप्त।

(ङ) गुजरात प्रान्तीय आर्य प्रतिनिधि सभा से 13 सितम्बर 2009 को गाँधीनगर, गुजरात में "वेद दर्शन प्रचारक संन्यासी" सम्मान प्राप्त।

...

शंका समाधान कर्ता की ओर से स्पष्टीकरण

इस पुस्तक में मुझसे ध्यान-योग शिविरों में श्रोताओं द्वारा पूछी गयी शंकाओं के समाधान हैं। शंकाओं में शब्दावली लगभग यूँ की यूँ रखी गई है, एकाध जगह पर कुछ शब्दों में प्रश्न के स्पष्टीकरण के लिए भले ही कोई शब्द बदला हो। समाधान में भी वही भाषा छापी गयी है, जो शिविर में शंका-समाधान के लिए बोली (रिकार्ड की) गई थी।

जब व्यक्ति सामने बैठा हो तो कुछ उसके स्तर की भाषा बोलनी पड़ती है। जब उसे पुस्तक रूप दिया जाता है, तो कुछ अलग स्थिति होती है। इसलिए बोलने और लिखने में अंतर आ जाता है। फिर भी शंकाओं के जो समाधान किये गए हैं, उनको छापते समय भी हमने भाषा में कहीं कुछ थोड़ा बहुत अंतर किया है, जो कि विषय को समझने की दृष्टि से आवश्यक था।

वैसे तो मैं हिन्दी ही बोलने की प्रेरणा देता हूँ। परन्तु जिन लोगों में मैं काम करता हूँ, वे लोग शुद्ध हिंदी समझते नहीं हैं। इसलिए मैं भी इसी खिचड़ी भाषा का प्रयोग अधिक करता हूँ। हाँ, जहाँ मुझे हिंदी, संस्कृत समझने वाले और बोलने वाले मिलते हैं, वहाँ पर मैं शुद्ध हिंदी, संस्कृत में भी बात करता हूँ, परन्तु यह शंका-समाधान का कार्यक्रम क्योंकि सामान्य लोगों में हुआ था, इसलिए इसकी भाषा भी वही खिचड़ी है।

संपादक श्री (डॉ). राधावल्लभ चौधरी के द्वारा भी विषय को और अधिक सरल तथा जनसामान्य की समझ के अनुरूप बनाने के लिए पुस्तक की भाषा में और प्रस्तुतिकरण में थोड़ा बदलाव किया है।

भाषा अपने विचारों को दूसरों तक पहुँचाने का एक माध्यम है। यदि श्रोता मेरी भाषा को समझता ही नहीं है, तो मेरा बोलना व्यर्थ समय नष्ट करना है। यह श्रोताओं के साथ अन्याय है। इसलिए श्रोता जिस भाषा को समझता हूँ, मैं वही भाषा बोलने का प्रयास करता हूँ। जब श्रोता मेरी बात समझ कर लाभ उठा लेता है, तो मुझे अपना परिश्रम भी सार्थक लगता है। इसलिए मैंने इन समाधानों में खिचड़ी भाषा का प्रयोग किया है।

दूसरी बात, मैं एक ईमानदार योगाभ्यासी हूँ, यम-नियमों का पालन श्रद्धापूर्वक करता हूँ, मैं कोई सर्वज्ञ नहीं हूँ,। इसलिए मेरे द्वारा किये गए समाधानों में यदि अल्पज्ञता से कहीं कोई भूल रह गई हो और वह मुझे समझ में आ जाएगी, तो मैं उसे दूर करने का प्रयत्न करूँगा। शेष इन समाधानों में जो बातें मैंने कही या बताई हैं, वे सब वेद आदि शास्त्रों के आधार पर प्रमाणिक हैं। आशा है, बुद्धिमान लोग इन समाधानों से लाभ उठाएँगे और दुःखों से छूट कर सुख की प्राप्ति करने का प्रयत्न करेंगे।

आपका शुभचिंतक

स्वामी विवेकानंद परिव्राजक

मेरे अपने भाव

करीब पन्द्रह वर्ष पूर्व जब मैं अपने कहे जाने वाले लोगों की उपेक्षा, तिरस्कार, परिचितों के विश्वासघात और अपनी अज्ञानता, अयोग्यता, विपन्नता और रोगों से पीड़ित होकर दुःख और निराशा के गहरे समुन्दर में गोते लगाता हुआ इनसे पीछा छुड़ाने का असफल प्रयत्न कर रहा था कि तभी प्रभु कृपा से परम कारुणिक आचार्य ज्ञानेश्वरार्य जी का मुझे सहारा मिला। उन्होंने मुझे दर्शन योग महाविद्यालय में डेढ़ माह अपने सान्निध्य में रहने की अनुमति दी। इस दौरान मैं जैसे-जैसे महाविद्यालय के नियमानुसार सुबह चार बजे जागरण, स्नान, व्यायाम, ध्यान, यज्ञ, स्वाध्याय, सत्संग आदि नियमित दिनचर्या के अंगो का पालन करता चला गया, दुःखद स्मृति, चिंता, अज्ञानता, अयोग्यता और रोग घटते चले गए तथा सहनशीलता, सुख, शांति, एकाग्रता, बुद्धि, स्मृति, ज्ञान और वैराग्य बढ़ते चले गए, शारीरिक उन्नति भी होती चली गई। इसके बाद तो साल में एक बार एक-दो माह विद्यालय में ही रहने का नियम बना लिया।

मैं सोचता था कि कितना अच्छा होता कि जो लोग यहॉ नहीं आ पाते हैं, उन्हे भी यह लाभ मिलता। उन्हे भी संसार की वास्तविकता का ज्ञान मिल सके ताकि वे भी अपने को दुःखी होने से बचा सकें और मस्ती से अपनी जिन्दगी को जी सकें। मैं पूज्य स्वामी विवेकानंद जी का हमेशा आभारी रहूँगा, जो उन्होंने मेरे द्वारा संपादित शंका समाधान विषयक प्रवचनों को पुस्तक रूप में प्रकाशित करने की अनुमति दी। श्रद्धालुजन धर्म प्रचार के इस कार्य की गति को तीव्र करने हेतु अपनी सामर्थ्यानुसार विद्यालय को सहयोग कर पुण्य-लाभ अर्जित कर सकते हैं।

पुस्तक निर्माण में सहयोग प्रदान करने वाले सभी लोगों का मैं आभारी हूँ। उत्कृष्ट शंका-समाधान के तीनों भागों को एक ही पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। प्रस्तुत पुस्तक में कोई त्रुटि हो गई हो तो पाठकगण मुझे अवगत कराने का उपकार करने की कृपा करें, ताकि अगले संस्करण में उसे शुद्ध किया जा सके।

दिनांक 15 जुलाई, 2012

संपादक

डॉ राधावल्लभ चौधरी

मो. 094243 06170

E-mail: cdrradhavallabh@yahoo.in

॥ ओ३म् ॥

उत्कृष्ट शंका-समाधान

1. शंका- 'शंका-समाधान' क्या है, इससे क्या लाभ होते हैं। कृपया इसके नियम बताइए?

समाधान- 'शंका-समाधान' एक आवश्यक कार्यक्रम है। ऋषि कहते हैं कि, जब-जब विद्वानों के समीप जाएं, तब-तब सबके कल्याण के लिए प्रश्नोत्तर अवश्य करें। "जब-जब विद्वानों के समीप जाएं, तब-तब सबके कल्याण के लिए" यह वाक्यांश खास ध्यान देने का है। अपने और सबके हित के लिए प्रश्न पूछें। इससे अपनी शंका का समाधान तो होगा ही, साथ ही दूसरों को भी लाभ मिलेगा। इस दृष्टि से प्रश्नोत्तर कर सकते हैं।

- 'शंका-समाधान' कार्यक्रम के बारे में कुछ बातें भूमिका के रूप में समझें। दरअसल, इसमें दो हिस्से हैं। एक हिस्सा है- शंका पूछना, और दूसरा हिस्सा है- उसका समाधान करना यानि कि उत्तर देना।

सवाल उठता है कि, इसमें से कौन सा हिस्सा सरल है? वस्तुतः शंका पूछना सरल है, जबकि उत्तर देना कठिन। सरल काम आपके हिस्से में है, और कठिन काम मेरे हिस्से में है, क्योंकि उत्तर मुझे देना है।

कोई भी काम अगर नियमपूर्वक किया जाए, तो उसमें बहुत लाभ होता ही है। यदि नियम तोड़कर काम करेंगे, तो उससे लाभ तो होगा नहीं, उलटे नुकसान ही होगा। कार्यक्रम 'शंका-समाधान' आपके लाभ के लिये शुरु किया गया है। अतः स्पष्ट है कि -

यदि 'शंका-समाधान' के नियमों का पालन करेंगे, तो बहुत लाभ होगा। इसके विपरीत, विहित नियमों का पालन नहीं करेंगे, तो नुकसान होगा।

भगवान की कृपा से, गुरुजनों के आशीर्वाद से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला है। उसके आधार पर मैं आपके प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करूँगा। पर हम दोनों इस बात का ध्यान रखेंगे कि 'शंका-समाधान' के नियमों का पालन हो।

'शंका-समाधान' के मोटे-मोटे नियम बताता हूँ :-

- शंका पूछने वाला व्यक्ति 'जिज्ञासा भाव' से प्रश्न पूछे कि -

"हम तो बस जानना चाहते हैं।" अपनी समस्या को सुलझाने के लिए प्रश्न होना चाहिए। उत्तर देने वाला व्यक्ति भी इसी भावना से उत्तर दे कि सामने वाले की शंका दूर करनी है, उसकी समस्या को सुलझाना है। वह किसी और भावना से उत्तर नहीं दे।

आपकी जो समस्या जहाँ अटकी है, उसको सुलझाने के लिए ही उत्तर दिया जाएगा। उत्तर देने वाला भी इसी भावना से उत्तर दे कि मुझे इसकी शंका का समाधान करना है। जो समस्या अटक रही है, उसको सुलझाना है। उसका मार्ग स्पष्ट करना है, वो कहाँ अटका हुआ है, उसकी वो उलझन दूर करनी है। इस भावना से उत्तर देना चाहिए।

- पूछने वाला व्यक्ति कभी-कभी अपनी भावनाएं गलत बना लेता है। ऐसा व्यक्ति सोचता है कि - "मैं ऐसा प्रश्न पूछूँगा, जिसका सामने वाले को उत्तर ही नहीं सूझे।" वे लोग गलत सोचते हैं कि "हम ऐसा कठिन, टेढ़ा-मेढ़ा सवाल पूछेंगे कि सामने वाला जिसका उत्तर ही नहीं दे पाएगा। और जब वो उत्तर नहीं दे पाएगा, तब सब तमाशा देखेंगे। सब लोग उस पर हँसेंगे, तो बड़ा मजा आएगा। "याद रखें कि ऐसी भावना से प्रश्न पूछने से लाभ नहीं होता, बल्कि नुकसान ही होता है। इसलिए ऐसी भावना से प्रश्न पूछना ठीक नहीं है।

- आप भी एक गारंटी दें कि आप प्रश्न 'जिज्ञासा-भाव' से पूछेंगे और मन में कोई गलत उद्देश्य नहीं बनायेंगे।' दुःख देने के लिए, हार-जीत के लिए, सामने वाले को अपमानित करने के लिए, उसको नीचा और अपने को ऊँचा दिखाने के लिए प्रश्न-उत्तर नहीं करना है। मैं आपको अपनी ओर से गारंटी देता हूँ कि, आपकी समस्याओं को सुलझाने के लिए ही आप के प्रश्नों के उत्तर दूँगा। किसी को दुःख देना, अपमानित करना आदि एक प्रतिशत भी मेरा उद्देश्य नहीं है।

- कभी-कभी ऐसे प्रश्न भी सामने आ सकते हैं कि पूछने वाले ने एक प्रश्न पूछ लिया और बताने वाले को उत्तर समझ में नहीं आया। वहाँ पर मान-अपमान के कारण उसको झूठ नहीं बोलना चाहिए। उल्टा-पुल्टा कोई भी जवाब दे दें, ऐसा भी नहीं करना चाहिए। उत्तर नहीं सूझता तो साफ बोल दें - "भई, हमको उत्तर समझ में नहीं आया।"

पहले से मेरा स्पष्टीकरण सुन लीजिए। उत्तर मालूम है तो बता देंगे, नहीं मालूम तो साफ बोल देंगे कि, नहीं आता। झूठ नहीं बोलेंगे, जानबूझकर धोखा नहीं देंगे, यह गारंटी है। उत्तर आता नहीं है और तोड़मरोड़ करते रहें, ऐसा काम हमें नहीं आता है। ऐसा करना यम-नियम के विरुद्ध है।

- गुरुजी ने मुझे बहुत मजबूत बना दिया है। इसलिए मुझे तो कोई फर्क नहीं पड़ता। जिस प्रश्न का उत्तर मुझे नहीं पता है, मैं तो साफ बोल देता हूँ कि इस प्रश्न का उत्तर मुझे नहीं आता। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने की कोई गारंटी नहीं है।

जिस प्रश्न का उत्तर मुझे नहीं आता तो भविष्य में और पढ़ेंगे, सीखेंगे और कभी उत्तर समझ में आ जाएगा तो फिर आपको बताएंगे। जितना समझ में आएगा, उतना बता देंगे। यह हमारी ओर से गारंटी है। पक्की बात बताएंगे, पूरा जोर लगाएंगे।

हम बुद्धि से, तर्क से, शास्त्रों के आधार पर प्रामाणिक बात बताएंगे, ठीक बताएंगे, धोखा नहीं देंगे, छल नहीं करेंगे, गलत उत्तर नहीं देंगे। हाँ, अनजाने में कोई भूल हो जाए, तो वो एक अलग बात है।

- अज्ञानतावश कोई भूल हो गई, बाद में समझ में आ गई कि, यह तो गलत बात कह दी, तो उसका सुधार कर उसको ठीक कर देंगे। हम जानबूझकर गलत बात नहीं कहेंगे।

- योग-शिविर में प्रश्न लिखकर भेंजे तो अच्छा रहेगा। प्रश्न पूछने वाले प्रश्न के नीचे अपना नाम अवश्य लिखें, जिससे कि जरूरत पड़े तो पूछा जा सके कि- "भई, यह प्रश्न तो मुझे समझ में नहीं आया। इसका स्पष्टीकरण दीजिए।"

- हो सकता है कि, आपके विचारों और हमारे विचारों में अंतर हो। कई बातों में विरोध भी हो सकता है, टकराव हो सकता है, लेकिन कोई बात नहीं। आपने अब तक जैसा सुना-सीखा, आप वैसी बात जानते-मानते हैं। हमने जैसा सुना-सीखा, हम वैसा जानते-मानते हैं। परस्पर कुछ विचारों में अंतर हो सकता है। उसकी कोई चिंता नहीं। फिर भी आप प्रेमपूर्वक अपनी शंका पूछें और उतने ही प्रेमपूर्वक उसका उत्तर भी सुनें।

मान लो कि कोई बात आपने 20-30 साल से सुन रखी है, और वो बात आपको ठीक लगती है। और हमने यहाँ उसके विरुद्ध कोई बात बता दी कि, यह बात ठीक नहीं है। अतः आपको हमारी वो बात जचती नहीं है।

आपको बात समझ में नहीं आई तो कोई बात नहीं। उसके दो विकल्प हैं। पहला- या तो अलग से बैठकर कुछ विस्तार से बातचीत कर लेंगे। आगे और बताने का प्रयास करेंगे, प्रमाण देंगे, तर्क देंगे। हो सकता है कि बात कुछ समझ में आ जाए।

- समझाने पर भी समझ में नहीं आया तो झगड़ा नहीं करेंगे। आपकी ओर से भी ऐसी गारंटी मिलनी चाहिए कि आप भी झगड़ा नही

करेंगे, झगड़े के लिए प्रश्न नहीं पूछेंगे। आप केवल जिज्ञासा-भाव से प्रश्न पूछेंगे।

● दूसरा विकल्प है - जो बात समझ में नहीं आई, उसको साइड में विचाराधीन (पेंडिंग) के रूप में रख दें। आगे उस पर और विचार करते रहेंगे। जरूरी नहीं कि हर एक बात आपको समझ में आ ही जाए। आपने प्रश्न पूछा, हमने उत्तर दिया। हम इस बात की कोई गारंटी नहीं लेते कि आपको हमारी सारी बातें आज ही समझ में आ जाएंगी। ऐसा बिलकुल नहीं होगा।

● कुछ ऐसी बातें होती हैं, जिनको समझने में समय लगता है। जो बात समझ में न आये, तो कोई बात नहीं। यह न कहें कि, आपका उत्तर गलत है। आपका यह कहना अनुचित है। यह आपका अधिकार नहीं है।

● अगर आप मुझसे यह कहते हैं कि 'आपका उत्तर गलत है', तो इसका मतलब यही हुआ कि सही उत्तर क्या है, वह आप पहले से जानते हैं। और जब आप सही उत्तर जानते हैं, तो फिर प्रश्न पूछा क्यों? मेरी परीक्षा लेने के लिए नहीं आए आप। यह गलत बात है। यदि आप परीक्षा लेने की भावना से प्रश्न पूछेंगे, तो आपको नुकसान हो सकता है। इसलिए परीक्षा लेने के उद्देश्य से कोई प्रश्न न पूछें। अपनी समस्या को सुलझाने के लिए पूछें और इसी भावना से मैं आपको प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास करूँगा।

● उत्तर समझ में आया तो बहुत अच्छा, नहीं आया तो चिंतन करें, विचार करें। जो लोग कुछ स्वाध्याय करते हैं, शास्त्रों को पढ़ते हैं, अध्ययन करते हैं, कुछ पृष्ठभूमि बनी हुई है, उनको हमारी बात जल्दी समझ में आएगी।

जो स्वाध्याय नहीं करते, सत्यार्थ प्रकाश, ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका, दर्शन, उपनिषद्, वेद, मनुस्मृति आदि ग्रन्थों का अध्ययन नहीं करते, तो उनको बात समझने में देर लगेगी। उनका बैकग्राउण्ड नहीं है। अगर आपने पहले से कुछ स्वाध्याय किया है, आपका कुछ पूर्वचिन्तन है, तो हो सकता है कि बात आज ही आज आपको समझ में आ जाए। अगर स्वाध्याय कम है तो हो सकता है कि आज समझ में नहीं आए।

● आज आप उस बात को सुनें, उस पर विचार करें, लेकिन फिर भी समझ में नहीं आए। हो सकता है कि एक हफ्ते में समझ में आ जाए। समझने में अधिक समय भी लग सकता है। दो हफ्ते, पन्द्रह दिन, एक माह, दो माह, छह माह भी लग सकते हैं। कोई-कोई बात ज्यादा कठिन

होती है कि, वो छह महीने में भी समझ में नहीं आती। ऐसी कठिन-कठिन बातें भी होती हैं, जिनको समझने में कई-कई वर्ष लग जाते हैं। कुछ बातें दिमाग में कई वर्षों के बाद बैठती हैं।

● बात समझ में नहीं आयी, तो कोई चिंता की बात नहीं है। झगड़ा नहीं करना, यह नहीं कहना कि आपका उत्तर गलत है। यह कहना ठीक है कि - "आपने उत्तर दिया, मगर वो हमारी समझ में नहीं आया। इस पर हम और सोचेंगे, विचार करेंगे, पढ़ेंगे, अध्ययन करेंगे। धीरे-धीरे समझ में आएगा।" एक उदाहरण दे रहा हूँ। प्रश्न है - संसार में व्यक्ति को सम्मान की इच्छा करनी चाहिए या अपमान की इच्छा करनी चाहिए? प्रायः सबका उत्तर यही होगा कि सम्मान की इच्छा करनी चाहिए। यह उत्तर गलत है। सही उत्तर है- अपमान की इच्छा (आध्यात्मिक व्यक्ति को) करनी चाहिए। दरअसल, यह बात आपकी समझ में आज तो नहीं बैठेगी। इसको दिमाग में बैठाने के लिए कई साल चाहिए। कई साल तपस्या करनी पड़ेगी, तब यह बात समझ में आएगी कि अपमान की इच्छा करनी चाहिए। यह मेरे अपने घर की बात नहीं है। यह महर्षि मनु जी की बात है। मनुस्मृति में कहा है -

सम्मानाद् ब्राह्मणो नित्यमुद्विजेत विषादिव ।
अमृतस्येव चाकाङ्क्षेदवमानस्य सर्वदा ॥

"ब्राह्मण, योगाभ्यासी सम्मान से ऐसे डरता रहे, जैसे व्यक्ति विष से डरता है। जैसे जहर से डर लगता है, ऐसे ही व्यक्तिको सम्मान से डरना चाहिये। अपमान की इच्छा ऐसे करनी चाहिए, जैसे व्यक्ति अमृत की इच्छा करता है।" यह बात समझने में बड़ी कठिन है।

● ऐसे ही और भी बहुत सी बातें होंगी जो आपको आज समझ में न आएं, तो इसमें चिन्ता की कोई बात नहीं है। वो बातें सच्ची हैं, प्रमाणिक हैं। धीरे-धीरे समझ में आएंगी। कुछ सरल बातें होती हैं, कुछ कठिन बातें होती हैं। सरल बातें जल्दी समझ में आ जाती हैं, कठिन बातों को समझने में समय लगता है। यही सिद्धांत है।

● 'शंका-समाधान' का एक नियम यह है कि प्रश्न पूछने वाला व्यक्ति शंका के रूप में अपनी बात को रखे कि - "यह बात हमारी समझ में नहीं आयी। कृपया हमको समझाइए।" इस तरह से बात नहीं रखे कि - "मैं ऐसा-ऐसा मानता हूँ।" इसका मतलब यह कि आपने तो अपने पक्ष की स्थापना कर दी, यह तो 'शंका-समाधान' नहीं रहा। इसका नाम है - 'शास्त्रार्थ'।

- जब आप अपने पक्ष की स्थापना करते हैं कि "मैं ऐसा मानता हूँ", तो फिर यह शास्त्रार्थ हो गया। आप ऐसा मानते हो और मैं ऐसा मानता हूँ, तो फिर दोनों के विचारों में टक्कर है। यहाँ टक्कर नहीं करनी है।

- अगर किसी को टक्कर करने का शौक है, तो अलग से बैठकर करेंगे। मैं टकराने के लिए भी तैयार हूँ, डरता नहीं हूँ। पर इस समय टकराने का काम नहीं है। इस समय तो 'शंका-समाधान' का काम है। इसी उद्देश्य से हम इस कार्यक्रम को चलाएंगे। इस प्रकार इन नियमों का पालन करें। आपको बहुत लाभ होगा।

2. शंका- क्या संसार में कहीं सुरक्षा नहीं है। माँ की गोद में भी नहीं?

☞ समाधान- संसार में कहीं भी सुरक्षा नहीं है। पूरी सुरक्षा केवल 'मोक्ष'

में है। तीन प्रकार से हम पर आपत्ति आ सकती है :-

(1) एक तो अपनी मूर्खता से, अपनी गलतियों से हम नुकसान उठा लेते हैं। सड़क पर चलते हुए दुकान या बोर्ड देख रहे हैं। जिससे सड़क पर पड़े ऊँचे-नीचे पत्थरों पर हमने ध्यान नहीं दिया और पाँव टकराया, धड़ाम से गिरे, हाथ-पाँव टूट गए। किसकी गलती हुई? हमारी गलती।

सड़क पर केले का छिलका आ गया, हमने उस पर ध्यान नहीं दिया, पाँव पड़ गया, धड़ाम से गिर गए और कमर की हड्डी टूट गई। किसकी गलती से? हमारी गलती से।

इस तरह एक क्षेत्र ऐसा है, जहाँ हम अपनी गलतियों से नुकसान उठाते हैं। अपनी मूर्खता से जो गलतियाँ की, उससे जो दुःख मिला, उसका नाम है- 'आध्यात्मिक दुःख'।

(2) दूसरा क्षेत्र ऐसा है, जहाँ दूसरे प्राणियों की गलतियों से हमको दुःख भोगना पड़ता है। आपका प्रश्न है कि क्या माँ की गोद में हमको नुकसान हो सकता है? उत्तर है कि - माँ ने कोई गलत दवा या खान-पान में कुछ गलत चीज खा ली तो बच्चे को नुकसान हो गया। पिता की भूल से हमको नुकसान हो सकता है। किसी पड़ोस के बच्चे ने क्रिकेट में बॉलिंग की और उसकी बॉल हमारी आँख में लगी। पूरी आँख बेकार हो गई। उसकी गलती से जीवन भर के लिए हमको नुकसान हो सकता है। सड़क पर चल रहे हैं। पीछे से चुपचाप एक कुत्ता आया और उसने टाँग काट ली। स्कूटर वाला, कार वाला हमको ठोंक दे। हम ऐसे किसी गलत गुरु-आचार्य के पल्ले पड़ गए और उसने हमको उल्टे पाठ पढ़ा दिए और मोक्ष के मार्ग से कहीं और भटका दिया। उससे भी हमको नुकसान हो सकता है।

दूसरे व्यक्तियों के कारण से, साँप से, बिच्छुओं से, शेर आदि दूसरे प्राणियों के कारण से, इनके अन्याय से भी हमको दुःख भोगने पड़ सकते हैं। इसे 'आधिभौतिक-दुःख' कहते हैं।

(3) तीसरी हैं - प्राकृतिक दुर्घटनाएं। जैसे - भूकंप, तूफान, बाढ़, आँधी, चक्रवात, सूखा, अकाल, वर्षा आदि। मकान गिर जाते हैं, बाढ़ का पानी भर जाता है। प्राकृतिक दुर्घटनाओं से भी हमको नुकसान उठाना पड़ता है तो दुःख होता है। इसी का नाम है- 'आधिदैविक-दुःख'।

उपरोक्त तीन प्रकार के दुःख हैं। आपने जन्म ले लिया तो कहीं भी सुरक्षा नहीं। कोई न कोई दुःख आएगा ही।

महर्षि कपिल कहते हैं - 'कुत्रापि कोऽपि सुखी न'। सीधा सरल वाक्य है। धरती पर कहीं भी कोई भी व्यक्ति पूरा सुखी नहीं है। एक सुख मिलता है, उसके पीछे चार दुःख आते हैं तो सौदा मँहगा पड़ता है। चार रुपए की खरीदी और बिक्री मूल्य एक रुपया। ये कैसा घाटे वाला व्यापार है। सुख मिलता है - 'एक' और दुःख मिलते हैं - 'चार'। इसलिए चारों ओर दुःख ही दुःख है। धरती पर कोई भी पूर्ण सुखी नहीं है। दार्शनिक दृष्टि से सारे दुःखी हैं। दर्शन शास्त्र मानसिक सुख-दुःख की बात कर रहा है। मन में अविद्या, क्रोध, लोभ आदि के कारण सारे लोग दुःखी हैं। इस दृष्टि से दुःख अधिक है।

'सत्यार्थ प्रकाश' में महर्षि दयानंद जी ने लिखा है कि संसार में

सुख अधिक है। उनका तात्पर्य है कि - शारीरिक स्तर पर, बाह्य स्तर पर सुख अधिक है। महर्षि दयानंद बाह्य स्तर की बात कर रहे हैं और

महर्षि कपिल, महर्षि पतञ्जलि आन्तरिक स्तर की बात कह रहे हैं। दोनों ठीक कह रहे हैं। बाह्य स्तर पर तो सुख अधिक है और मानसिक स्तर पर दुःख अधिक है। शारीरिक और मानसिक दोनों दुःख की तुलना करते हैं तो मानसिक ज्यादा हानिकारक है। और मानसिक स्तर पर दुःख अधिक है। इसलिए कपिल मुनि जी कहते हैं - तीन दुःखों से छूटो।

यह मनुष्य का सबसे ऊँचा लक्ष्य है। पूरी सुरक्षा केवल मोक्ष में है। इसलिए फटाफट मोक्ष में सरक जाओ।

3. शंका- सृष्टि (जगत्) में सभी जीव, परमात्मा के लिए संतानवत् हैं तो परमात्मा प्राकृतिक प्रकोप के द्वारा क्या दर्शाना चाहता है-दयालुता या न्यायकारिता? कई जीव पृथ्वी पर पैर रखते ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। ऐसा क्यों?

☞ **समाधान-** प्रश्नकर्ता ने पूछा है कि इससे ईश्वर अपनी दयालुता दिखाना चाहता है या न्यायकारिता। इसका अर्थ कहीं न्यायकारिता हो सकता है और कहीं यह भी हो सकता है कि भगवान ने पहले ही कह रखा था कि मैं सृष्टि बनाऊँगा और इसमें दुर्घटनाएं होंगी। आपका काम है, दुर्घटना से बच के चलना।

एक इंजीनियर ने कार बनाकर उससे सम्बन्धित पूरा विवरण बुकलेट में छापकर खरीददार को दे दिया। खरीददार को बता दिया गया कि पहले बुकलेट पढ़नी है और इसको समझ के फिर कार का इस्तेमाल करना है।

बुकलेट में पहले से ही यह सूचना दे रखी है कि जब कार का इंजन स्टार्ट होगा तो इंजन में गर्मी बढ़ेगी। और जब गर्मी बढ़ेगी तो उसके